प्रेषक,

महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ईमेल

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाऍ।

संख्या : प्राशिप/अनु03/2026/4234

लखनऊः दिनांक: 03/08/2026

विषयः— सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)/वार्षिक परीक्षा (इण्डस्ट्रियल सेफ्टी, टूल एण्ड मोल्ड मेकिंग, एरोनॉटिकल) मई—जून 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक परिषद पत्रांक प्राशिप/अनु03/2026/4238 दिनांक 27/07/2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से डिप्लोमा इंजी0 पाठ्यक्रम के अन्तिम सेमेस्टर, फार्मेसी पाठ्यक्रम के प्रथम एवं अन्तिम वर्ष तथा बैक पेपर परीक्षा, मई—जून 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं अवगत कराया गया था कि डिप्लोमा इंजी0 पाठ्यक्रम के द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर एवं वार्षिक पाठ्यक्रम के इण्डस्ट्रियल सेफ्टी, टूल एण्ड मोल्ड मेकिंग, एरोनॉटिकल के छात्रों का परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जायेगा।

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि आज दिनांक 03/08/2026 को निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर की अध्यक्षता में सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)/वार्षिक परीक्षा (इण्डस्ट्रियल सेफ्टी, टूल एण्ड मोल्ड मेकिंग, एरोनॉटिकल) मई—जून 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा परिणाम के अवलोकनोपरान्त दिनांक 03/08/2026 को अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)/वार्षिक परीक्षा (इण्डस्ट्रियल सेफ्टी, टूल एण्ड मोल्ड मेकिंग, एरोनॉटिकल) मई—जून 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद/प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के अनुमोदनोपरान्त सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)/वार्षिक परीक्षा (इण्डस्ट्रियल सेफ्टी, टूल एण्ड मोल्ड मेकिंग, एरोनॉटिकल) मई—जून 2026 का परीक्षा परिणाम आज दिनांक 03/08/2026 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर RESULT नामक लिंक उपलब्ध है। छात्र/छात्राऍ अपना परीक्षा परिणाम पंजीकरण संख्या (Enrollment N0.) एवं जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं। अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित कराने का कष्ट करें, तथा उक्त सूचना संस्था के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

यह भी अवगत कराना है कि सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर)/वार्षिक परीक्षा (इण्डस्ट्रियल सेफ्टी, टूल एण्ड मोल्ड मेकिंग, एरोनॉटिकल) मई—जून 2026 के परीक्षा परिणाम में विभिन्न विषयों की कुल 437 उत्तरपुस्तिकाओं में मोबाइल नम्बर अंकित करने वाले छात्र/छात्राओं को संबंधित विषय में परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुकम में शून्य अंक प्रदान करते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

भवदीय,
(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0 सं0 : प्राशिप/अनु03/2026/4235—39

तद दिनांक: 03/08/2026

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को प्रमुख सचिव/अध्यक्ष महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को, परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करने हेतु।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।